हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .4 डिग्री

11 इनसो ने वीसी कार्यालय का किया घेराव



12 बारिश बनी आफत, शहर में जलभराव



## खबर संक्षेप

### सोढ़ी ने संभाला महम डीएसपी का कार्यभार

**महम।** पुलिस विभाग ने ऋषभ सोढी को महम का डीएसपी लगाया है। गत दिवस उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ऋषभ सोढ़ी ने कहा कि महम में कानून व्यवस्था में पहले से और अधिक सुधार किया जाएगा। गुंडागर्दी सहन नहीं की जाएगी। गवर्नमेंट कॉलेज के बाहर घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जाएगी।

### ऑनलाइन गाड़ी खरीदना पड़ा महंगा

**सांपला।** खंड के गांव समचाना के एक युवक को ऑनलाइन गाड़ी खरीदना महंगा पड़ गया। फौजी बनकर साइबर ठग ने उससे एक लाख 40 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मोहित के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरूकर दी। मोहित ने बताया कि वह खेती बाड़ी करता है। उन्होंने फेसबुक पर एक गाड़ी बिक्री की पोस्ट देखी। उन्होंने उससे संपर्क किया तो उन्होंने अपने आप को सैनिक बताया। कहां की वह पैसे भेज दे। गाड़ी आपके घर पहुंच जाएगी। भेजे गए स्कैनर पर एक लाख चालीस हजार पर डाल दिए। उसके बाद उन्होंने संपर्क काट दिया। बाद में पता चला कि उससे ठगी की गई है।

### गिझी में सूने मकान से आभूषण व सामान चोरी

**सांपला।** खंड के गिझी में बंद मकान से अज्ञात व्यक्ति हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गया। पुलिस ने सविन के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया। सविन ने बताया कि वह परिवार सहित दिल्ली में रहता है। दिल्ली पुलिस में नौकरी करता हूं। मेरा मकान बंद रहता है। मैं छुट्टी होने के बाद परिवार सहित गांव में पहुंचा तो देख मेरे मकान का ताला टूटा हुआ था। मकान में रखें एलईडी अलमारी में रखें दो जोड़ी चांदी की पायजेब, बच्चों के आभूषण आदि सामान गायब था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वाहन चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गाड़ी चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। एवीटी स्टाफ थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि हाल किराएदार सेक्टर-3, निवासी नरेश की शिकायत के आधार पर थाना अर्बन एस्टेट में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 8 जून 2024 को नरेश ने अपनी गाड़ी किराए के मकान के सामने खड़ी की थी। सुबह के समय नरेश को अपनी गाड़ी नहीं मिली। पुलिस ने मामले में योगेश व सन्नी को गिरफ्तार किया है।

# अस्थल बोहर रेलवे ट्रैक के पास महिला का कटा हुआ हाथ मिला, केमिकल से जलाने की आशंका, शरीर के अन्य अंगों की तलाश के लिए जीआरपी ने चलाया सर्च अभियान

■ राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ■ लोगों में भय का माहौल ■ आज फिर से जांच अभियान चलाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर एक बार फिर खौफनाक वारदात से दहल उठा है। रेलवे ट्रैक पर अस्थल बोहर के पास झाड़ियों में महिला का कोहनी से कटा हुआ हाथ बरामद हुआ है। माना जा रहा है कि इसे केमिकल से जलाया गया है।

■ **घटनास्थल के पास घास भी जली मिली**

महिला शरीर के अन्य हिस्सों की तलाश की जा रही है। जीआरपी ने घटनस्थल के आसपास दो सौ मीटर तक अभियान चलाया, देर रात तक मामले में कोई सबूत पुलिस को नहीं मिल पाया। अब पुलिस शुक्रवार की सुबह चैकिंग अभियान चलाएगी। पुलिस का कहना है कि महिला का पूरा शरीर मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। राहगीरों ने हाथ देखने के बाद पुलिस को मामले की सूचना दी थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल से एक हाथ का हिस्सा बरामद किया गया है, जो बुरी तरह जला हुआ था। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि शरीर को आग से नहीं बल्कि केमिकल से जलाया गया है, जिससे पहचान करना कठिन है। घटनास्थल की घास भी जली हुई पाई गई, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि शरीर को यहीं जलाने की कोशिश की गई थी। एफएसएल की टीम डॉ सरोज दहिया ने मौके से सबूत इकट्ठे किए और शरीर के हिस्सों को पोस्टमॉर्टम के लिए डेडहाउस भिजवा दिया गया। प्रारंभिक मेडिकल जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि यह किसी महिला का शव है। हालांकि उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। महिला के शव की तलाश की जा रही है।



रोहतक। घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी व एफएसएल की टीम।

### लापता महिलाओं का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा

जीआरपी की सूचना के बाद रोहतक पुलिस भी अलर्ट हो गई है। पीजीआई सहित अन्य थानों के क्षेत्र से लापता हुआ महिलाओं का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। जीआरपी ने सभी थानों से डाटा मांगा है ताकि महिला की पहचान हो सके।घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में भय है। आसपास के लोगों की भीड़ रात में ही घटनास्थल पर जमा हो गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और यदि किसी महिला के गायब होने की सूचना हो, तो तुरंत पुलिस को दें।

### महिला का शव खोजने में जुटी पुलिस

जीआरपी थाना प्रभारी जोगेंद्र कुमार ने बताया कि अस्थल बोहर के पास से महिला का केवल कोहनी से नीचे कटा हुआ हाथ मिला है। जिसे देखने पर लगता है कि इसे जलाया गया है। शव के अन्य हिस्से कहीं बरामद नहीं हुए हैं। आसपास चैकिंग की गई है। अब सुबह चैकिंग अभियान चलाया जाएगा। महिला का शव मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



## पुलिस का कारनामा : अदालत ने दो माह में मांगी अनुपालना रिपोर्ट

# चार लोगों को झूठे केस में फंसाया, चार साल बाद बरी, पांच कर्मियों पर कार्रवाई की सिफारिश

### ये था मामला

■ शिकायतकर्ता कांस्टेबल ने आरोपियों पर मारपीट करने, वर्दी फाड़ने व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया था

■ सुनवाई में आरोपियों को झूठा फंसाने की बात सामने आई

■ सीजेएम मोहम्मद सगीर ने पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने, वर्दी फाड़ने एवं जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया। मामले में चार साल तक चली सुनवाई के बाद सीजेएम मोहम्मद सगीर की कोर्ट ने आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट में आरोप साबित ही नहीं हो पाए। कोर्ट में यह बात साबित हो गई कि इन चारों लोगों को झूठा फंसाया गया था। सम्बंधित पांचों पुलिस कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक विभागीय कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र लिखा गया है। पुलिस को दो माह में कार्रवाई की रिपोर्ट देनी होगी। बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी चुघ ने कोर्ट में पैरवी की। मामले के अनुसार, गांव काहनौर निवासी सुरेंद्र, कर्मबीर, सन्नी व सोनू के खिलाफ कलानौर पुलिस स्टेशन में 31 अक्टूबर 2016 को भादस की धारा 186, 332,34,341,353,506 के तहत केस दर्ज हुआ था। काहनौर पुलिस चौकी के कांस्टेबल सुरेंद्र मोहन ने इस बारे में शिकायत दी थी।



ओपी चुघ, अधिवक्ता

### पुलिस कर्मी जबरन मकान में घुसे थे

बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी चुघ ने बताया कि 31 दिसंबर 2016 को कांस्टेबल सुरेंद्र मोहन व एसपीओ अनिल, कर्मबीर के घर में जबरन घुस गए थे और कर्मबीर की पत्नी माया देवी के साथ छेड़छाड़ की थी। इस बारे में उसी दिन पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी गई थी लेकिन माया देवी की शिकायत पर केस दर्ज नहीं किया गया। कांस्टेबल सुरेंद्र मोहन ने छेड़छाड़ के इस मामले में अपना पीछा छुड़वाने के लिए ही माया देवी के पति सुरेंद्र और 3 अन्य के खिलाफ झूठा केस दर्ज करा दिया। यही नहीं पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किए बिना ही कोर्ट में चालान पेश कर दिया। पुलिस ने कोर्ट में तर्क दिया कि अगर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता तो उपद्रव हो जाता। इसलिए गिरफ्तार किए बिना ही चालान पेश किया गया है।

शिकायत के मुताबिक कांस्टेबल रात करीब सवा 10 बजे पुलिस चौकी में मौजूद था। तभी कांस्टेबल मनोज ने बताया कि काहनौर गांव निवासी लक्ष्मण के साथ मारपीट हुई है। वह इस मामले में एसपीओ अनिल को साथ लेकर जांच के लिए काहनौर गांव पहुंचा। जब वह वाल्मीकि बस्ती में टी प्वाइंट चौपाल के पास पहुंचा तो रात करीब साढे 10 बजे 4 आदमी बाजार की ओर से पैदल आ रहे थे। वे सभी शराब के नशे में थे। शिकायत के मुताबिक आरोपियों की पहचान सुरेंद्र, कर्मबीर, सन्नी व सोनू के रूप में हुई। इन चारों आदमियों ने सुरेंद्र मोहन का रास्ता रोक लिया और कहा कि रवि को पकड़ने जा रहे तो पहले हमसे निपटना पड़ेगा। रवि का तुम कुछ नहीं बिगाड़ सकते। इसके बाद सुरेंद्र मोहन का गला पकड़ा पकड़ लिया और हाथापाई शुरू कर दी। फिर उसे थप्पड़ मारे और वर्दी फाड़ दी। घटना का पता चलने पर उसके साथी पुलिस कर्मी मौके पर आए। साथ ही आसपास के लोगों ने उसे छुड़वाया। इसके बाद वे जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। इस मामले में काहनौर पुलिस चौकी के एएसआई हरिराम को जांच अधिकारी बनाया गया था।

**इनपर कार्रवाई की सिफारिश :** जबकि शिकायतकर्ता कांस्टेबल सुरेंद्र मोहन, एसपीओ अनिल, जांच अधिकारी हरिराम, कांस्टेबल मनोज कुमार और हेड कांस्टेबल प्रदीप के खिलाफ अनुशासनात्मक विभागीय कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र लिखा है। इस सभी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक विभागीय कार्रवाई की अनुपालना रिपोर्ट 2 माह में भेजनी होगी।



### क्रॉस एग्जामिनेशन में मामला पुलिस ज्यादती का पाया गया

इन सभी का क्रॉस एग्जामिनेशन भी हुआ। सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि यह मामला पूरी तरह से पुलिस ज्यादती का है, जहां पुलिस ने अपनी ताकत का दुरूपयोग किया है और 4 आदमियों को झूठे केस में फंसा दिया। क्रॉस एग्जामिनेशन के दौरान एसपीओ अनिल ने स्वीकार किया कि मौके पर किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं हुआ था। साथ ही वह और सुरेंद्र मोहन शराब के नशे में गलत नीयत से माया देवी के घर में घुसे थे और गाली दी थी। ऐसे में कोर्ट में यह साबित हो गया कि सुरेंद्र, कर्मबीर, सन्नी व सोनू को झूठे केस में फंसाया गया और उनके खिलाफ आरोप साबित नहीं हो पाए। सीजेएम मोहम्मद सगीर ने इस सभी चारों आरोपियों को बरी कर दिया।

## शनिवार व रविवार को भी कार्यालय में जमा कर सकेंगे संपत्ति कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम में सम्पत्तिकर छूट का अधिक से अधिक लाभ देने के लिए शनिवार व रविवार को भी कार्यालय में जमा होगा। यह आदेश निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने जारी किए। उन्होंने टैक्स ब्रांच अधिकारियों को आदेश दिए कि आमजन को किसी प्रकार की समस्याएं नहीं आनी चाहिए। उनकी सुनवाई समय पर होनी चाहिए। साथ ही शहर से ज्यादा से ज्यादा टैक्स जमा करवाया जाए। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष (2025-2026) के सम्पत्तिकर पर दिनांक 31 जुलाई 2025 तक 10 प्रतिशत की दी जा रही छूट को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर कार्यालय में लगाए जा चुके हैं और आमजन ऑनलाईन भी सम्पत्तिकर जमा करवा सकता है। अधिक से अधिक करदाताओ को सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष के सम्पत्तिकर पर दी जा रही छूट 10 प्रतिशत का लाभ देने के लिए 26 जुलाई व 27 जुलाई 2025 (शनिवार व रविवार) को भी नगर निगम कार्यालय में सम्पत्तिकर जमा करवाया जाएगा। इस कार्य के लिए आदेश जारी किए गए हैं कि सम्पत्तिकर कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारी इन दोनों दिन कार्य करेंगे।




## महम में करंट लगने से श्रमिक की मौत

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव बेडवा में करंट की चपेट में आने से 50 वर्षीय प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। पिछले चार साल से शिव कुमार केवट अपने परिवार के साथ बेडवा गांव में रह रहा था। बेडवा गांव के सरपंच सुभाष ने बताया कि वीरवार को सुबह लगभग 6 बजे गांव के पंचायत द्वारा बनाए गए एक मकान में रह रहे लगभग 50 वर्षीय शिव कुमार केवट पुत्र रामकिशन सुबह बिजली के बोर्ड में लगे पंखे के सूच को हटा रहा था। बोर्ड से उसे करंट लग गया। करंट इतना भयानक था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सरपंच सुभाष ने बताया कि शिव कुमार पिछले 4 साल से उनके गांव में किराए के मकान में रह रहा था। लगभग दो माह पहले उससे मकान खाली करवा लिया गया था। उसके बाद कई दिनों तक उसे मकान किराए पर नहीं मिला तो पंचायत द्वारा बनाए गए एक कमरे में रह रहा था। मृतक शिवकुमार गांव में मजदूरी का काम करता था।



# सीईटी परीक्षार्थियों के लिए फरीदाबाद प्रशासन चलाएगा शटल सेवा, पांच पिकअप प्वॉइंट पर 470 बसें रहेंगी तैनात

**रोहतक।** फरीदाबाद में 26-27 जुलाई को आयोजित सीईटी परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन ने यातायात प्रबंधन को प्राथमिकता दी है। पांच पिकअप प्वॉइंट से 163 परीक्षा केंद्रों के लिए 470 शटल बसें चलाई जाएंगी और हर रूट की ज़िम्मेदारी एक अधिकारी को सौंपी गई है। यह कदम भीड़ नियंत्रण और समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की सुविधा सुनिश्चित करेगा। उपायुक्त धमेंद्र सिंह का कहना है कि इन पांच रूटों के लिए अलग से अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए है। जो सभी व्यवस्थाओं को संभालेंगे। गौरतलब है कि जिले से हजारों युवा परीक्षा देने के लिए फरीदाबाद व गुरुग्राम जाएंगे।

## प्रशासन अलर्ट, परीक्षा केंद्र के आस-पास के एरिया मे चलेगा कॉम्बिंग व सर्चिंग अभियान

**रोहतक।** हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा को लेकर पुलिस द्वारा कानून एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए जाएंगे। जिला में सीईटी परीक्षा के लिए 68 परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर व बाहरी सुरक्षा के लिए उचित संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगा। महिला पुलिस भी सभी केंद्रों पर तैनात रहेंगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जाएगे। अराजपत्रित स्तर के अधिकारी को परीक्षा केन्द्र की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। सभी परीक्षार्थियों को चेकिंग होने के बाद ही परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा। शहर व आऊटर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रभारी थाना व ट्रैफिक प्रभारी गश्त में रहेंगे। शहर में जाम की स्थिति न बने इसके लिए परीक्षा केंद्रों के आस-पास भी ट्रैफिक ड्यूटियां लगाई गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के आस पास अस्थाई पार्किंग बनाई गई है। संबंधित राजपत्रित अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों को दौरा करेंगे। गुरुवार को उपायुक्त ने तैयारियों को लेकर बैठक ली। वहीं सभी थाना प्रभारी अपने-अपने एरिया में स्थित होटल, धर्मशाला, सराय आदि स्थानों की चेकिंग करेंगे व सर्चिंग कॉम्बिंग अभियान चलाए ताकि परीक्षा के दौरान परेशानी न हो।



### महम : तीन केंद्रों पर होगी परीक्षा

**महम।** सीईटी परीक्षा के लिए महम के तीन प्राइवेट स्कूलों में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 26 और 27 जुलाई को इन परीक्षा केंद्रों पर दो शिफ्टों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। डीएसपी ऋषभ सोढी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। बाहर के जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए और यहां से बाहर जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था की गई है। परिवहन के लिए बसें लगाई गई हैं। एसडीएम मुकुंद ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए और परीक्षा को नकल रहित बनाने के लिए फ्लाइंग टीमें बनाई गई हैं। वे खुद भी परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे।



# सीईटी में ड्यूटी के विरोध में उतरे शिक्षक, नारेबाजी कर जताया रोष

**रोहतक।** सरकार व प्रशासन के लिए चुनौती बनी सीईटी की परीक्षा के मात्र दो दिन पहले ही अब अध्यापकों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। अध्यापकों का कहना है जो ड्यूटी उनकी लगाई गई है वह उनकी शान के खिलाफ है और वह हर हाल में सीईटी की परीक्षा में ड्यूटी नहीं करेंगे। साथ ही अध्यापकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। अधिकारी अध्यापकों को मनाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अध्यापकों ने स्पष्ट कर दिया है कि वह परीक्षा में बसों में ड्यूटी नहीं करेंगे।सीईटी की परीक्षा को सुचारू ढंग से करवाने के लिए हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन तमाम कौशिश कर रहा है। अब अध्यापकों के विरोध के बाद प्रशासन व सरकार की नींद उड़ा दी है।

■ **अधिकारी मनाने में जुटे, शिक्षक बोले- नहीं करेंगे ड्यूटी**



रोहतक। एडीसी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते शिक्षक।

### ये बोले शिक्षक

अध्यापकों को जो ड्यूटी मिली है वह उनकी शान के खिलाफ है। प्राथमिक शिक्षक संघ के तहत अध्यापक परीक्षा में ड्यूटी देने के लिए ट्रेनिंग लेने के लिए रोहतक जिला विकास भवन में आए थे, जिसके तहत अध्यापकों ने ट्रेनिंग के तुरंत बाद जिला विकास भवन के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, अध्यापकों का कहना है की किसी भी सूरत में बसों में ड्यूटी नहीं करेंगे। प्राथमिक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर कादयान ने कहा कि वो किसी भी सूरत में बसों में ड्यूटी नहीं करेंगे क्योंकि यह नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि उनकी ड्यूटी परीक्षा केंद्रों में लगाई जाती तो बेहतर होता इससे छोटे बच्चों में संदेश गलत जाएगा ऐसे में उन्होंने इस परीक्षा का विरोध किया है और वह ड्यूटी नहीं करेंगे।

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

### डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

### जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

### डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस



**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

### मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस



**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

### शीप एंड डॉग बिल्डिंग



**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

**ब**च्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।




**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

## बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले




**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
-तृप्ति, रायपुर

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
-किंशुक, बिलासपुर

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



**आ**ज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश


# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

**ब**च्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**-रेवा, **लेखक**-प्रभात, **चित्र**-प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**-75 रुपए, **प्रकाशक**-एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद

# इनसो ने वीसी कार्यालय का किया घेराव इंटीग्रेटेड छात्रों के प्रमोशन का मुद्दा उठाया

## नीति छात्र विरोधी है और इससे हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को इनसो ने छात्र हितों की आवाज बुलंद करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इनसो हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने वाइस चांसलर कार्यालय का घेराव किया और विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की।

इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने कहा कि एमडीयू द्वारा इंटीग्रेटेड कोर्स के छात्रों को प्रमोट न करना, 500 रुपये की जबरन ऐल्युमनी फीस वसूली, और री-अपीयर छात्रों को फिर से एडमिशन या परीक्षा देने का मौका न देना रहा। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय की यह नीति छात्र विरोधी है और इससे हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है।



रोहतक। कुलपति कार्यालय के बाहर रजिस्ट्रार और डीन अकैडमिक अफेयर्स को ज्ञापन सौंपाते इनसो के सदस्य

### सैकड़ों छात्रों का भविष्य होगा बर्बाद

दीपक मलिक ने वीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान कहा कि एमडीयू प्रशासन ने इंटरग्रेटेड कोर्स के विद्यार्थियों के खिलाफ एक तानाशाहीपूर्ण फरमान निकला है, जिसमें ये कहा गया है इंटरग्रेटेड कोर्स का विद्यार्थी अगर छठे सेमेस्टर तक क्लियर नहीं है मतलब एक भी री-अपीयर है तो उसको सातवें सेमेस्टर में दाखिला नहीं दिया जाएगा जोकि सरासर गलत है आजतक ऐसा कभी नहीं हुआ अगर ऐसा हुआ तो सैकड़ों छात्रों का भविष्य बर्बाद होगा ।

### अन्याय को सहन नहीं करेंगे

दीपक मलिक ने कहा कि इनसो किसी भी छात्र का शैक्षणिक वर्ष बर्बाद नहीं होने देगी। जिन छात्रों को री-अपीयर आई है, उन्हें फिर से पेपर देने का मौका मिलना चाहिए। इंटीग्रेटेड कोर्स में पढ़ने वाले छात्रों का प्रमोशन रोका गया है जो सरासर गलत है। हम इस अन्याय को सहन नहीं करेंगे।

### इनसो की मांगें

इंटीग्रेटेड छात्रों को तुरंत प्रमोट किया जाए या फिर स्पष्ट नीति बनाई जाए, रुपये 500 की अनिवार्य ऐल्युमनी फीस को तत्काल हटाया जाए, स्नातक के विधार्थी जिनको छठे सेमेस्टर में री-अपीयर आई है और वो पोस्ट ग्रेजुएशन में दाखिला लेना चाहते हैं, छठे सेमेस्टर में री-अपीयर वाले छात्रों को फिर से परीक्षा देने या किसी वैकल्पिक प्रक्रिया से एडमिशन लेने का मौका दिया जाए ताकि उनका एक साल खराब न हो।

### समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे तेज

प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और डीन अकैडमिक अफेयर्स मौके पर पहुंचे और इनसो प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने छात्रों की मांगों पर सहमति जताते हुए कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्स के प्रमोशन मुद्दे पर विश्वविद्यालय स्तर पर एक विशेष कमेटी गठित कर दी गई है, जो जल्द निर्णय लेगी, ऐल्युमनी फीस और री-अपीयर छात्रों की समस्याओं को लेकर सीमित समय में समाधान निकालने का आश्वासन दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि छात्रों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर विशेष अहलावत, विशाल दलाल, राहुल कलकल, कृष्ण पूनिया, पुलकित छिकारा, जीतू मलिक साहिल, सुमित बिलोटिया, रोहित कलकल, निक्कू राव, अनुराग कंडोला, अमन श्योरान ,नवदीप, पारस, साहिल मलिक, उदय मलिक, कुलजीत, सचिन अहलावत, आर्यन, अमन, गोलू आदि रहे।*

# गुरुकुल विश्वभारती में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज. रोहतक




लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में बृहस्पतिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुकुल के निदेशक आचार्य नंदकिशोर के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य मातृत्व के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। प्रत्येक छात्र ने अपनी माता के नाम पर एक-एक पौधा लगाकर इस अभियान को विशेष रूप से भावनात्मक और प्रेरणादायक बनाया। कार्यक्रम में ईसीओ क्लब की विशेष भूमिका रही। क्लब के सदस्यों ने न केवल वृक्षारोपण की व्यवस्था की, बल्कि पौधों के रखरखाव और सुरक्षा के लिए भी योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया। वृक्षारोपण में नीम, पीपल, आम, अमरूद जैसे औषधीय और फलदार वृक्ष लगाए गए। आचार्य आनंद किशोर ने कहा कि माता ही प्रकृति का स्वरूप हैं, और वृक्ष प्रकृति की श्वास। जब हम मां के नाम पर वृक्ष लगाते हैं, तो वह न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी होता है, बल्कि एक आत्मीय और भावनात्मक कर्तव्य भी बन जाता है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण पर लघु भाषण, नारे और पोस्टर के माध्यम से जागरूकता फैलाई। भविष्य में भी ऐसे अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर गुरुकुल निदेशक आचार्य नंदकिशोर, प्राचार्य संजय कौशिक, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।



## सैनी स्कूल में मनाया तीज उत्सव

रोहतक। सैनी पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को तीज उत्सव की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने झूलों पर पींग बढ़ाई व पतंग उड़ा कर स्कूल में तीज उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रिंसिपल नमिता सैनी ने बताया कि तीज पर स्कूल में एक दिन पहले ही तैयारी कर ली गई थी। पेड़ों पर बच्चों के लिए झूले डाली गई व ग्राउंड को पतंग उड़ानें के लिए तैयार किया गया। आज स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ स्टाफ ने अपनी-अपनी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के साथ तीज का लुफ्त उठाया।

## द आर्यन ग्लोबल स्कूल में क्लब गतिविधियां आयोजित

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्लब गतिविधियां आयोजित की गईं। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इन रचनात्मक पलों का भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान डांस क्लब ने जहां उन्होंने ताल, लय और आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी कला प्रस्तुत की। वहीं, कलिनरी क्लब ने उन्होंने स्वादिष्ट व्यंजन बनाना सीखा और पाक कला में रचनात्मकता दिखाई। साथ ही फन विद साइंस क्लब ने जहां मजेदार प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को और दिलचस्प बनाया गया। वहीं, साइबर क्लब ने जिसमें उन्हें वर्तमान समय में हो रहे साइबर अपराधों व उनसे बचाव की जानकारी दी गई। हेरिटेज क्लब ने जहां उन्होंने रोहतक की ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली अतीत के बारे में जाना। ईको क्लब ने जिसमें उन्होंने



'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' की तकनीक सीखकर कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाई और रामानुजन क्लब ने जिसमें गणित के जटिल प्रश्नों को आसान बनाने के नए और रोचक तरीके सिखाए गए। इन सभी क्लब गतिविधियों ने विद्यार्थियों के भीतर टीमवर्क, रचनात्मक सोच, और सीखने के प्रति उत्साह को बढ़ाया।

## केवीएम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में शिव प्रतिमा की स्थापना



रोहतक। शिवरात्रि के पावन अवसर पर केवीएम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल झज्जर रोड, करोंथा में भगवान शिव की प्रतिमा का विधिवत स्थापना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्वान पंडितों द्वारा हवन-यज्ञ और शिव प्रतिमा की परिक्रमा के उपरांत मंदिर में प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया और आसपास के क्षेत्रों से आए अनेक श्रद्धालु भक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रतिमा स्थापना का संपूर्ण आयोजन हॉस्पिटल के निदेशक कर्मवीर मायना एवं उनके परिवार द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। लगातार पांच दिनों तक पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति की स्थापना हुई। समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य विशाल मायना, गांव मायना के प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं आसपास के कई गणमान्य प्रतिनिधियों ने भाग लेकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। केवीएम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल इस इलाके का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हासपिटल होगा।


मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ RMO 4
❖ ICU STAFF 6
❖ NURSING STAFF 4
❖ PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
❖ COMPUTER OPERATOR 1
नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF MAA KAAMAL FOUNDATION
DR. S.K. SAINI Director
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
फीस में 50% की विशेष छूट सभी के लिए सीमित समय के लिए
पहले आयें-पहले पायें। छात्रावास सुविधा। रविवार खुला है
DIPLOMA IN G.N.M. (MALE/FEMALE)
योग्यता :- 12th (किसी भी विषय में)
अवधि :- $3\frac{1}{2}$ वर्ष | कुल सीटें :- 60
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफ लाईन दोनों मोड में।
आजही अपने प्रमाण पत्रों के साथ आकर मिलें।
अतिशिघ्र आवश्यकता है:-
•G.N.M. -20
•MEDICAL LAB. TECH.-20
जो थ्योरी व प्रेक्टिकल दोनों करवा सके।
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221

दमा एलर्जी जोड़ों का दर्द
डॉ. रघुबीर सिंह Acu. M.D.
MOB. 8949456862
फोन पर सम्पर्क करने का समयः प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक
शूगर पुराना नजला का इलाज बिना दवा चीनी मशीन द्वारा
विज्ञापन
झज्जर : हर शुक्रवार को मिलें
श्रीकृष्ण भवन धर्मशाला
सब्जी मण्डी के सामने, गुड़गांव रोड़, सिलानी गेट
समय : प्रातः 8:00 से 11 :00 बजे तक
रोहतकः हर शुक्रवार को मिलें
ईवान होटल (कर्ण होटल)
समय : दोपहर 1:00 बजे से सायं 4:00 बजे
निकट मानसरोवर पार्क लाईन, दिल्ली रोड



न्यूरों से संबंधित सभी बीमारियों का एक्यूपंचर द्वारा उपचार
साइटिका सर्वाइकल, फ्रोजन शोल्डर, माइग्रेन, कंधे का दर्द, कमर के हिस्से से पर तक होने वाला दर्द, स्लिप डिस्क, कमर दर्द, हाथों की उंगलियों का कम काम करना, हाथ में लगातार रहने वाला दर्द एवं अन्य लाईलाज न्यूरों की विभिन्न बीमारियों का सफल उपचार।
दमा, एलर्जी, जोड़ों का दर्द, शुगर, नजला का ईलाज एक्यूपेंचर द्वारा किया जाता है।
आज भारत में करोड़ों लोग अस्थमा रोग के शिकार है। अस्थमा का उचित उपचार न करने के कारणप हर वर्ष हजारों लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। अस्थमा रोग किसी भी आयु के व्यक्ति को हो सकता है। अस्थता / दमा यह एक एलर्जी रोग है जिसका समय पर उपचार न करने से रोगी व्यक्ति की हालत गंभीर हो सकती है। अस्थमा का रोकथाम करने के लिए रोगी व्यक्ति को दिए, जाने वाले उपचार की जानकारी और महत्व पता होना जरूरी है।
- श्वसनी दमा फेफड़ों की ऐसी समस्या है, जिससे श्वास नली में बाधा आती है।
- अलग अलग बच्चों में अस्थमा के लक्षण अलग होते है और ये लक्षण एक ही बच्चें में बदलते भी रहते है।
- अस्थमा में श्वास नली पूरी तरह बंद हो जाती हैं, जिससे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को आक्सीजन की आपूर्ति बंद हो सकती है।
- अस्थमा सांस संबंधी रोग है जिसमें व्यक्ति को सांस लेने और छोड़ने में परेशानी होती है। दवाओं के जरिये इसे नियंत्रित तो किया जा सकता है लेकिन ठीक नहीं किया जा सकता है। हमारे इलाज से रोगी को पूर्णतः ठीक किया जाता है।



कौन से ऐसे कारण है जिनसे एलर्जी होती है।
एलर्जी हमारे दैनिक जीवन में भ्रमण करते हुए हमारे आसपास के माहौल/वातावरण से कई कारणों से हा सकती है जैसे पेड़, पौधे, धूल, मिट्टी, पालतु जानवर, दवाएं एवं खाने-पीने की वस्तुएं इत्यादि।
1. एक परिवार के विभिन्न सदस्यों, महिला, पुरूष, बच्चे या वृद्ध की विभिन्न वस्तुओं से एलर्जी हो सकते है। 2. कुछ तो फूलों को छूने से एलर्जी हो सकती है। 3. दूध, दही, मांस, मछली का सेवन करने से भी एलर्जी हो सकती है। 4. पॉलीथीन एवं नायलॉन के साथ भी एलर्जी हो सकती है। 5. सौंदर्य प्रसाधनों के प्रयोग से भी एलर्जी हो सकती है।



गठियाः डाक्टर ने बताया कि गठिया शरीर के किसी भी एक जोड़ से दर्द शुरू होता है और धीरे-धीरे शरीर के सभी जोड़ प्रभावित होते हैं। सभी जोड़ों में असहनीय दर्द होता है। गठिया का रोगी सालों इलाज करवा कर भी ठीक नहीं हो पाते और डाक्टर कते हैं कि गठिया में सारी उमर दवा खानी पड़ेगी और दवा खाते रोगी के अंग भी टेढे-मेढे होने लगते हैं, रोगी बिस्तर पर चला जाता है और चलने फिरने से लाचार हो जाता है। डाक्टर कहते है कि एक्यूपेंचर द्वारा गठिया चाहे कितना पुराना भी हो, गठिया रोग जड़ से खत्म हो जाता है।



❖ क्या आपका चलना-फिरना, उठना-बैठना, सीढ़िया चढ़ना-उतरना या आपके घुटनों की ग्रीस खत्म हो गई है?
❖ क्या आपके घुटने टेढ़े-मेढ़े हो गए है?
❖ क्या डॉटरों ने आपको ऑप्रेशन करवाने की सलाह दी है? ऑप्रेशन से पहले एक बार अपने घुटने हमारे अस्पताल में जरूर आकर दिखाए। आपको ऑप्रेशन करवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी बिना ऑप्रेशन आपके घुटने बिल्कुल सीधे और ठीक हो जायेंगे। कुछ ही दिनों में आराम आना शुरू हो जाएगा।
गठिया रोग (पुराने से पुराना)
घुटनों का दर्द
हिप ज्वाईंट पेन
सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस
कमर दर्द
शुगर व बी.पी.



कृप्प्या ध्यानपूर्वक पढ़े
दमा, एलर्जी क्लीनिक के संचालक डॉ. रघुबीर सिंह यादव का कहना कि विशेष मशीनों नजला रोगियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस पद्धति में रोगी को कोई दवाई लेने की जरूरत नहीं होती। डॉ. यादव का कहना है कि इस बीमारी का प्रकोप अब बूढ़े और जवान व्यक्ति के अलावा बच्चों में भी बहुत अधिक हो रहा। रोगी को चाहिए की इलाज में लापरवाही नहीं बरते और अंग्रेजी दवाई से बचना चाहिए क्योंकि अंग्रेजी दवाई आपके शरीर को नुकसान पहुँचती हे। नजला एक विजातीय द्रव्य है। हमारे सिर में एक आलफैक्ट्री वाल्व होती है। जिसमें यह जमा रहता है। इसकी सात वाल्व होती है। इसके लीक होने के कई कारण होते है जैसे सर्द-गर्म का बिगड़ना, कफ की अधिकता, सहवास के बाद हवा लगना आदि। नाक के मस्से बढ़ना, नाक रूकना, छींके आना, एलर्जी इत्यादि पहली तीन वाल्व लीक होने से होता है। इसके बाद वाली चार वाल्व लीक होने से यह विजातीय द्रव्य (नजला) गले में अंदर गिरने लगता है, जिसमें सांस की नली जाम हो जाती है। एलर्जी का कोई भी कारण हो यहां ईलाज लेने से रोगी उम्र भर के लिए ठीक हो जाता है। डॉ. यादव के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में दमा मरीजों की संख्या ज्यादा हो रही है। लगातार धूम्रपान करने एवं वातावरण में व्याप्त धूल के कण हवा के कारण यह बढ़ रही है। अगर इसका सही समय पर ईलाज नहीं किया जाता है तो कैंसर होने का खतरा रहता है। कभी-कभी तो आदमी की मौत भी हो जाती है। आजकल यह एक घातक बीमारी सिद्ध हो रही है। इसलिए सही समय के रहते डॉक्टर के पास जांच करवानी चाहिए। यहां इन बीमारियों का ईलाज चीनी पद्धति से किया जाता है। इसमें शरीर में निश्चित बिन्दू होते है, इन बिन्दुओं पर विशेष मशीनों से ईलाज किया जाता है। इसमें कोई चीरे की जरूरत नहीं पड़ती है। हजारों मरीज हमारे यहां फायदा उठा चुके है और उठा रहे है।
विज्ञापन कभी कभी प्रकाशित होता है। विज्ञापन की कटिंग साथ लाएं।



आइये जाने क्या है एलर्जी
प्रत्येक मनुष्य भले महिला हो या पुरूष में कुदरत ने बाहरी तत्वों को सहन करने की खास ताकत दी है। फिर भी कई बार ऐसे तत्व जो मनुष्य के शरीर पर दुष्प्रभाव डालने वाले एवं शरीर के भीतर पहुंचने की कोशिश कतेर हैं, तब शरीर के आंतरिक तत्व हलचल में आकर उन उल्टे तत्वों के प्रभाव को शरीर पर पड़ने की कोशिश को रोकते हैं। इस तरह की प्रक्रिया एलर्जी की उत्पत्ति का कारण बनती है।
एलर्जी के लक्षण : ❖ शरीर में खुजली ❖ चमड़ी का लाला होना ❖ लाल दाने होना ❖ शरीर में दाने वाली जगह पर सूजन होना। ❖ एलर्जी होने से 'एग्जिमा' नाम की बीमारी भी हो जाती है, जिससे जोर से खारिश होना या उस जगह पर पानी का रिसाव होने लगता है। ❖ एलर्जी के कारण कुछ लोगों को अस्थमा नाम की बीमारी हो जाती है। इस स्थिति में रोगी को सांस लेने में परेशानी आती है, फेफड़ों में सूजन होना व जलन होना। ❖ छींकों का आना, नाक बंद होना, नाक की हड्डी टेडी होना, जुकाम होना। ❖ गले में तेज जलन एवं दर्द होना ❖ पेट का दर्द होना ❖ चेहरा, होंट, आंखों में सूजन ❖ जी मिचलाना एवं डायरिया ❖ खाने में तकलीफ









# बारिश बनी आफत : शहर, सेक्टर व गांव जलमग्न, सड़कें बनीं तालाब

## नालों की सफाई न होने से बिगड़े हालात, प्रशासन की लापरवाही से लोग बेहाल



कई स्थानों पर तो दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए, वहीं सवारी ऑटो भी बीच सड़क में फंसे नजर आए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बुधवार और वीरवार की मध्यरात्रि को हुई तेज बारिश ने पूरे शहर को पानी-पानी कर दिया। शहर के प्रमुख बाजार, सेक्टर, कॉलोनियां और यहां तक कि ग्रामीण इलाके तक जलभराव की चपेट में आ गए। कई स्थानों पर तो दोपहिया वाहन तक पानी में बंद हो गए, वहीं सवारी ऑटो भी बीच सड़क में फंसे नजर आए। शहरवासियों को न केवल आवागमन में परेशानी हुई बल्कि उन्हें अपने वाहनों को धक्का मारकर बाहर निकालना पड़ा। हालात बिगड़े तो पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, नगर निगम अधिकारियों तक को सड़क पर उतरना पड़ा।

सेक्टर 4 की पुलिया पर इतना जलभराव हुआ कि वहां से गुजरने वाले ऑटो तक बंद हो गए। सवारियों को बीच रास्ते में उतारकर उन्हें धक्का मारकर बाहर निकालना पड़ा। यही हाल सेक्टर 1, 2, 3, और 14 के साथ-साथ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का भी रहा, जहां बारिश का पानी घरों के बाहर तक भर गया। जलभराव के कारण कई स्कूटर और बाइक बीच रास्ते में खराब हो गए। कई वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो गए। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर दो घंटे बाद भी पानी की निकासी नहीं हो सकी थी।

लोगों का कहना है कि मानसून से पहले नगर निगम की ओर से नालों की सफाई नहीं की गई। यही कारण है कि थोड़ी सी तेज बारिश में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। कई स्थानों पर नालों में कचरा जमा था, जिससे पानी की निकासी नहीं हो सकी। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि जब हर साल मानसून आता है, तो फिर प्रशासन इसकी तैयारी पहले से क्यों नहीं करता। नालों की नियमित सफाई, सड़क मरम्मत और ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं।

### प्रमुख इलाकों में जलभराव की स्थिति

बारिश के बाद जलभराव की सर्वाधिक मार छोटूराम चौक, मस्तनाथ स्कूल, रेडियो स्टेशन, सैनी स्कूल रोड, नारायण कॉम्प्लेक्स, सुभाष रोड (सिविल अस्पताल के नजदीक), गोहाना अड्डा रोड, टीबी अस्पताल के सामने, डीसी आवास, महावीर पार्क के सामने, गोहाना रोड टीबी अस्पताल, लाढ़ौत रोड, मॉडल टाउन, शीला बाईपास और एमडीयू के सामने जैसे इलाकों पर पड़ी। यहां दो घंटे बाद भी पानी सड़कों से नहीं निकला था, जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रही।

### 2 साल बाद रोहतक खंड में 70 एमएम पानी बरसा सांपला 35, महम में 16 और कलानौर में 6 बारिश



रोहतक। बुधवार-वीरवार की रात रोहतक खंड में इस मौसम की पहली भारी बरसात हुई। रात 125 बजे के करीब प्रारंभ हुई बारिश रुक-रुककर दो बजे तक होती रही। तीन घंटे में 70 मिलीमीटर पानी गिरा। इससे पहले रोहतक ब्लॉक में 5 जुलाई 2023 को भी 70 मिलीमीटर बरसात हुई थी। रोहतक के अलावा बीती रात सांपला खंड में 35, महम में 16 और कलानौर में 6 मिलीमीटर दर्ज की गई। जबकि लाखनमाजरा ब्लॉक सूखा रहा। लेकिन लाखनमाजरा में मंगलवार-बुधवार की रात 30 एमएम बरसात हुई थी। आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा।

**26 तक होगी कमः** आईएमडी के वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा फिरोजपुर, करनाल, मेरठ, वाराणसी, दीघा से होती हुई उत्तरपूर्व बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। टर्फ की उत्तरी सीमा हिमालय की तलहटियों की तरफ बढ़ रही है। जिससे मानसून की सक्रियता में थोड़ी कमी आएगी। ऐसे में हरियाणा में 26 जुलाई तक कम बारिश होगी।

**28 से फिर झमाझमः** राज्य के पश्चिमी व दक्षिणी जिलों में आंशिक बादलवाई व कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश होगी। तापमान में हल्की बढ़ोतरी तथा वातावरण में नमी की अधिकता बने रहने की उम्मीद आईएमडी की है। परंतु 27 जुलाई से मानसून की सक्रियता फिर से बढ़ेगी। जिससे 28 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होगी। बारिश से धान को काफी फायदा हुआ। बरसात के बाद भी वीरवार की दोपहर में लोगों का गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि, बीच-बीच में आसमान में बादल भी दिखे, लेकिन इससे लोगों को कोई खास फायदा नहीं हुआ।

**रोडों की सुविधा प्रदान की जाएंः** अनंतपुरम निवासी वेद प्रकाश हमारी प्रशासन से अनुरोध है कि हमारे यहां पर रोड़ों की सुविधा प्रदान की जाए और खोखरा कोट में काम चल रहा है लेकिन हमारे यहां पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है हमारी सोसाइटी ऑथराइज्ड है लेकिन फिर भी यहां पर काम नहीं हो रहा है। जलभराव के कारण आमजन को आवागमन में काफी समस्याएं झेलनी पड़ रही है। गलियां तक टूटी हुई है। छोटे

### टीमें रातभर जल निकासी में जुटीः नगर निगम आयुक्त

रोहतक। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रात के समय हुई भारी बरसात को देखते हुए टीम को फिल्ड में उतारा गया था। टीमें रात के समय से ही जल निकासी के कार्य में जुट गई थी। बरसाती जल निकासी के लिए पूर्व में ही टीमें गठित करने के कार्य आदेश जारी किए जा चुके थे। नगर निगम द्वारा बरसाती पानी की निकासी हेतु सेक्टर-1 व सेक्टर-2, गांव बलियाणा, गांव खेड़ी साध, गांव सुनारियां कला, सुनारियां खुर्द, अप्पू घर तालाब, गढी बोहर, रैनकपुरा तालाब, माता दरवाजा, रेलवे स्टेशन के नजदीक, चिन्योट कालोनी आदि स्थानों पर स्थाई पम्प लगाए गए हैं। बरसात के समय ही सेक्टर-1 व सेक्टर-2 में पम्प चालू करवाए गए, छोटूराम चौक पर भी पम्पों को तुरंत प्रभाव से चलवाया गया ताकि बरसाती जल की यहां से जल्द से जल्द निकासी हो सके। रैनकपुरा व माता दरवाजा आदि स्थानों पर भी निरीक्षण किया गया और निगम द्वारा लगाए गए सभी पम्पो का संचालन समय पर करवाया गया। गांवों के क्षेत्र में स्थाई पम्प सैट पूर्व में ही लगवाए जा चुके हैं। टीबी अस्पताल व चिन्योट कालोनी अंडर पर अतिरिक्त पम्प सैट लगवाए गए। अनंतपुरम निवासी वेद प्रकाश हमारी प्रशासन से अनुरोध है कि हमारे यहां पर रोड़ों की सुविधा प्रदान की जाए और खोखरा कोट में काम चल रहा है लेकिन हमारे यहां पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है हमारी सोसाइटी ऑथराइज्ड है लेकिन फिर भी यहां पर काम नहीं हो रहा।



# जीडी गोयंका स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता

- टेगोर सदन के छात्र एलेक्स एवं राधाकृष्णा सदन के वेदांत को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना
- असिस्टेंट डायरेक्टर हिमांशु गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों एवं विजयी छात्रों को बधाइयां दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर वर्ग में कक्षा पांचवीं से आठवीं तक अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था 'क्या स्मार्टफोन का उपयोग करने के लिए निश्चित आयु सीमा होनी चाहिए। इस विषय पर वाद विवाद करते हुए छात्रों ने अपने विचार मंच पर प्रस्तुत किए। सभी हाउस मास्टर्स ने अपने सदन को सुनिश्चित करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी जो बच्चों के वाद विवाद कौशल में साफ झलक रही थी। टेगोर सदन के छात्र एलेक्स एवं राधाकृष्णा सदन के छात्र वेदांत को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया। टैगोर सदन के छात्र एलेक्स प्रथम स्थान, राधाकृष्णा सदन के छात्र वेदांत द्वितीय स्थान एवं राधाकृष्णा सदन के छात्र निर्विक तृतीय स्थान पर रहे।

डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने कहा कि इन विषयों पर चर्चा और वाद विवाद करने से हमें अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने और दूसरों के दृष्टिकोण को समझने में मदद मिलती है। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने बताया कि वाद विवाद प्रतियोगिता एक ऐसी गतिविधि है, जिसमें प्रतिभागी किसी विशिष्ट विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हैं और एक दूसरे के तर्कों का जवाब देते हैं। इस तरह की प्रतियोगिता छात्रों को अपने विचार एवं तर्क को सबके समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है। असिस्टेंट डायरेक्टर हिमांशु गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों एवं विजयी छात्रों को बधाइयां देते हुए आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया।




# एचडी स्कूल में 'प्रोजेक्ट डॉलफिन' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- तीन रक्तदाताओं ने पीलिया से ग्रस्त महिला को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा भारत सरकार की परियोजना प्रोजेक्ट डॉलफिन के अंतर्गत एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य छात्रों में जैव विविधता की रक्षा, नदी व समुद्री डॉलफिन के संरक्षण, और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

विद्यालय प्रधानाचार्य दुलाल देब ने छात्रों को डॉलफ़िन संरक्षण और प्रकृति से जुड़ाव के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से संरक्षण की शपथ ली। डॉलफ़िन जागरूकता वीडियो का कक्षा में प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने पर्यावरण सुरक्षा पर नाट्य प्रस्तुति एवं भाषण दिए। डॉलफिन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में प्रकृति व पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं इसीलिए विद्यालय परिवार पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे सभी अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

# एमएस सरस्वती के विद्यार्थियों को सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में के लिए चयन

- बिरला चिल्ड्रन एकेडमी खरखौदा, सोनीपत हरियाणा में 30 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




माता दरवाजा गऊ कर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने अपनी एवं अपने कोच अश्विनी के अथक प्रयास व मेहनत से सीबीएसई नॉर्थ जोन टूर्नामेंट ताइक्वांडो चैंपियनशिप (2025 )बिरला चिल्ड्रन एकेडमी खरखौदा, सोनीपत हरियाणा में 30 जुलाई से 3 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। यह टूर्नामेंट शुभम, रोहन, सांची, अंशिका, अखिल, तान्या, खुशबू पाल, आयुष, निर्मल, वंश, शौर्य राठी, तेजस सैनी, रोहन बिढ़ु, यश के लिए अद्वितीय अवसर है। जिसमें वे अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो विद्यालय का नाम रोशन करने का भरसक प्रयास करेंगे। निदेशक हिमांक मित्तल एवं प्रधानाचार्या रितु ने इस टूर्नामेंट में विजेता छात्रों को शुभकामनाएं दी और छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि वह अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अवश्य प्राप्त करेंगे।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई हरियाली तीज, कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




- पतंगबाजी में प्रोग्रेस सदन के लक्ष्य, नमन विजेता रहे

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बच्चों ने हरियाली तीज उत्सव बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। जिसमें नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। नर्सरी से दूसरी कक्षा के नन्हें बच्चों ने पारंपरिक पोशाक में उत्साह पूर्वक तीज त्योहार का आनंद लिया। कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने रंगीन कागजों से सुंदर पतंग बनाकर, कक्षा छठीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने पतंग उड़ा कर व लड़कियों ने चूड़ियों, गहनों को विभिन्न रूपों में अपनी माता के लिए तैयार किया साथ-साथ मेहंदी के सुंदर डिजाइन बना अपनी कला को प्रदर्शित किया। कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के बच्चों ने तीज थीम पर हिंदी कविता वाचन व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

रंग-बिरंगे कागजों से सुंदर पतंग बनाने में कक्षा तीसरी से छठीं आदित्य, श्रेयांश, हर्षित, प्रभुनूर कार्तिक, जनक, अनिक प्रथम रहे। आयुष, विहान, केशव, अक्षित, लविश, हिरेन दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, छात्राओं ने ज्वेलरी मेकिंग में दृष्टि, इनाया, प्रणवी, केजल, स्नेहा, तनवी, द्रुवा, अवनी, निहारिका, काव्या, बानी प्रथम स्थान रहीं। नव्या, अक्षी, वेदिता, अनवी, मोक्षिता, अक्षिता, पूर्वी, विपुल, वृंदा दूसरा स्थान पर रहीं। पतंगबाजी में प्रोग्रेस सदन के लक्ष्य व नमन विजेता रहे। इक्वलिटी सदन के भावेश और शौर्य द्वितीय रहे।



### अखबार बांटने वाले अशोक मलिक के दो बेटों ने नेट परीक्षा पास की, सुनो नहरों की पुकार मिशन से भी जुड़े हैं तीनों पिता-पुत्र

रोहतक। सुनारिया चौक स्थित शुगर मिल कॉलोनी निवासी हॉकर अशोक मलिक के दो बेटों आशीष व जतिन मलिक ने एक साथ यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा पास कर मां-बाप और जिले का नाम रोशन किया है। अशोक और उनके दोनों बेटे जल स्वच्छता के कार्यक्रम सुनो नहरों की पुकार मिशन से शुरू से ही जुड़े हुए हैं। दिल्ली बाईपास स्थित नहरों के पुलों पर आयोजित कार्यक्रम में आशीष और जतिन के साथ-साथ मिशन से जुड़े छात्र आदित्य द्वारा भी नेट परीक्षा पास करने पर इन तीनों का फूलमालाओ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। अशोक मलिक ने बताया कि वह सुबह-सुबह अखबार बांटने का कार्य करते हैं जिसमें उसके दोनों बेटे भी मदद करते हैं। उसके पश्चात मैं और मेरी पत्नी सीमा एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षण का कार्य भी करवाते हैं। उन्होंने बताया कि बेटे आशीष ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में असिस्टेंट प्रोफेसर व पीएचडी के लिए परीक्षा पास की है वही जतिन ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में ही पीएचडी के लिए नेट परीक्षा पास की है वही छात्र आदित्य ने लोक प्रशासन में पीएचडी के लिए नेट परीक्षा पास की है। वर्तमान में जतिन मलिक जाट सुरमा महाविद्यालय का विद्यार्थी है। सुनो नहरो की पुकार मिशन की ओर से आयोजित सामान समारोह में मिशन के संस्थापक डॉ जसमेर सिंह, संरक्षक दीपक छारा, महासचिव मुकेश नैनकवाल, सह सचिव अजय हुड्डा, वरिष्ठ सदस्य डॉ रविंद्र नांदल, प्रीत सिंह अहलावत, ईश्वर सिंह दलाल, साहब सिंह धामड, राजेश नरवाल, निर्मल पन्नू, वैद्पाल नैन, डॉ वैद्प्रकाश श्योराण, अशोक मलिक, रविंद्र अहलावत, करण सिंह अहलावत, नवनीत हुड्डा,आदित्य, अपराजित आदि उपस्थित रहे।

### आयुष विभाग ने शेखूपुर तितरी में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



महम।आयुष विभाग द्वारा वीरवार को शेखूपुर तीतरी गांव के आंनवाडी केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में खरकड़ा गांव की डिस्पेंसरी से आयुर्वेदिक डॉक्टर रेखा रानी व डॉक्टर विवेक ने 67 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान ग्रामीणों को वर्षा ऋतु के अनुसार खान-पान के बारे में समझाया। योगाचार्य अमित अहलावत ने रोगों से बचाव की जानकारी दी। योग शिक्षकों ने ग्रामीणों को रोग के अनुसार योग के बारे में भी बताया। मरीजों को कैम्प में निशुल्क आयुर्वेदिक दवाईयां दी गई और शुगर व रक्तचाप की भी जांच की गई। आयुर्वेद विभाग की टीम ने समय समय पर रक्तचाप और शुगर की जांच कराने और आयुर्वेदिक इलाज करवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर पुष्पा देवी,आंगनवाडी हेल्पर सीमा, संदीप व राजू समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# 11.5 एकड़ में इंटरलॉक टाइल कच्चा-पक्का रोड नेटवर्क तोड़ा

- अवैध निर्माण, कॉलोनी को गिराने का अभियान निरंतर जारी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों, कालोनियों को गिराने का निरंतर अभियान जारी है। इस अभियान के तहत महम में लगभग 11.5 एकड़ में इंटर लॉक टाइल नेटवर्क, पक्का एवं कच्चा रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिला में अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपने दिया जाएगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अवैध निर्माण, कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध कालोनियों में निवेश न करें ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।




तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### हरियाली अमावस्या पर भक्तों ने हवन में आहुति डालकर मांगी मनोकामनाएं



रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में वीरवार को हरियाली अमावस्या पर हवन और सत्संग का आयोजन किया गया। साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तों ने हवन में आहुति डालकर मनोकामनाएं मांगी। पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती की गई व प्रसाद वितरित किया गया। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।

**हवन के धुएं से हानिकारक जीवाणु होते हैं नष्ट : साध्वी मानेश्वरी देवी**
साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि हिंदू धर्म में हरियाली अमावस्या सावन के महीने में आती है तो इसे सावन अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से देवों के देव भोलेनाथ बाबा भक्तों पर विशेष कृपा करते हैं व मनुष्य को धनवान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि गरुड़ पुराण के अनुसार, हरियाली अमावस्या पर पितरों को तर्पण देने से पितृ दोष से राहत मिलती है। इस दिन आध्यात्मिक शुद्धि, पूजा-अर्चना, दान करने और पवित्र नदियों में स्नान करने से मनुष्य को पापों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि हवन करने से वातावरण शुद्ध रहता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि हवन के धुएं से हानिकारक जीवाणु नष्ट होते हैं ।

## सिपाही आशीष भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने

# लेफ्टिनेंट चयनित होने पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने बृहस्पतिवार को गांव रिटौली में पुलिस विभाग में तैनात सिपाही आशीष को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया है। इस दौरान एएसपी वाईवीआर शशि शेखर भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने आशीष को भारतीय सेना मे लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर बधाई देते हुए कहा कि वह सफलता की और बढ़ते रहे। देश की सेवा करना सबसे बड़ा सम्मान है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा एसपी नरेन्द्र बिजारणिया व एएसपी वाईवीआर शशि शेखर का बुके भेट कर स्वागत किया गया। एसपी ने बताया कि आशीष का जन्म सन 2004 में हुआ था। आशीष ने अपनी स्कूली शिक्षा आरकेएम स्कूल, जहाजगढ़ जिला झज्जर व स्वामी नित्यानंद स्कूल, रोहतक से की है। आशीष ने ग्रेजुएशन बीएससी (मैथ ऑनर्स) महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से की है।

**रोहतक में था तैनात**

आशीष ने सीडीएस की लिखित परीक्षा सितंबर 2024 में दी थी। आशीष का अक्टूबर 2024 में हरियाणा पुलिस में बतौर सिपाही के पद पर चयन हुआ था। उस समय आशीष बीएससी के पांचवे सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा था। आशीष ने सिपाही पद पर हरियाणा पुलिस में ज्वाइन कर लिया तथा अपनी पढ़ाई जारी रखी। फरवरी 2025 में सीडीएस का साक्षात्कार हुआ।